# 17 मुहावरे
## Idioms



*अर्थ विशेष छिपा हो जिनमें, शब्द साधारण रहते हर बार,*
*मुहावरे कहलाते हैं वे, इनसे भाषा बनती मज़ेदार।*

**कमर कस के** हो जा तैयार,
दुश्मन की **ईंट से ईंट बजा**,
**नाक में दम कर** दे शत्रु के,
**होश उड़ा दे** अब की बार।



ऊपर लिखी पंक्तियों को ज़ोर-ज़ोर से पढ़ो।

इन पंक्तियों में आए मोटे छपे वाक्यांशों कमर कसना, ईंट से ईंट बजाना, नाक में दम करना, होश उड़ाना पढ़कर कुछ समझ में अवश्य आया होगा।

जी हाँ, इन सबका शाब्दिक अर्थ बहुत साधारण है पर यहाँ इनके अंदर एक विशेष अर्थ भी छिपा है जिसके कारण ये पंक्तियाँ बहुत प्रभावशाली हो गई हैं।

इस तरह बात कहने के दो तरीके होते हैं—

1. आम या साधारण तरीका
2. खास या विशेष तरीका



साधारण तरीका— दौड़ में प्रथम आने पर पिता जी ने **मुझे शाबाशी दी**।

विशेष तरीका— दौड़ में प्रथम आने पर पिता जी ने मेरी पीठ **थपथपाई**।

पीठ थपथपाना एक साधारण-सा वाक्यांश है जिसका शाब्दिक अर्थ होता है पीठ को थपथपाना पर ऊपर दिए गए वाक्य में इसका विशेष अर्थ है 'शाबाशी देना'।

ऐसे विशेष अर्थवाले वाक्यांशों को **मुहावरा** कहते हैं। इनके प्रयोग से भाषा सुंदर और मज़ेदार लगती है और कथन अधिक असरदार हो जाता है। मुहावरों का शब्दार्थ नहीं भावार्थ देखना चाहिए।

**किसी बात को विशेष अर्थ देने वाले वाक्यांश मुहावरे कहलाते हैं।**


**आओ कुछ मुहावरे, उनके अर्थ और वाक्यों में प्रयोग देखें—**

1. घी के दीये जलाना— खुशी मनाना
   क्रिकेट विश्वकप जीतने पर देशवासियों ने **घी के दीये जलाए।**
2. भीगी बिल्ली बनना— डरकर सहम जाना
   साँप को देखकर हिना **भीगी बिल्ली बन गई।**
3. लाल-पीला होना— बहुत गुस्सा होना
   बच्चों का शोर सुनकर दादी **लाल-पीली हो गईं।**
4. घोड़े बेचकर सोना— निश्चिंत होना
   परीक्षा खत्म होते ही सभी साथी **घोड़े बेचकर सो गए।**
5. फूला न समाना— बहुत खुश होना
   नई साइकिल मिलने पर सैफ़ **फूला नहीं समा रहा था।**
6. आसमान सिर पर उठाना— बहुत शोर मचाना
   मम्मी के घर से बाहर जाते ही बच्चों ने **आसमान सिर पर उठा लिया।**
7. ईद का चाँद होना— बहुत दिनों बाद दिखाई देना
   शिखा तो **ईद का चाँद हो गई है।** पता नहीं, आजकल कहाँ रहती है?
8. नौ-दो-ग्यारह होना— भाग जाना
   पुलिस को आता देख चोर **नौ-दो ग्यारह हो गया।**

## शरीर के अंगों से संबंधित कुछ मुहावरे व उनके अर्थ—


आँख

1. आँखें दिखाना — क्रोध से देखना
2. आँखों का तारा होना — बहुत प्यारा होना
3. आँखों में धूल झोंकना — धोखा देना
4. आँखें खुलना — सच्चाई पता लगना
5. आँख लगना — नींद आना




कान

1. कान पर जूँ न रेंगना— कुछ असर न होना
2. कान कतरना— बहुत चतुर होना
3. कानों-कान खबर न होना— किसी को पता न लगना
4. कान का कच्चा होना— हर एक की बात पर विश्वास करने वाला
5. कान भरना— शिकायत करना, चुगली करना



दाँत

1. दाँत खट्टे करना— बुरी तरह हरा देना
2. दाँत पीसना— गुस्सा करना
3. दाँतों तले उँगली दबाना— हैरान होना
4. दाँत काटी रोटी होना— गहरी मित्रता होना
5. दूध के दाँत न टूटना— छोटा होना/कम अनुभवी होना



मुँह



1. मुँह में पानी भर आना— मन ललचाना
2. मुँह की खाना— हार जाना
3. अपने मुँह मियाँ मिट्ठू बनना— अपनी प्रशंसा स्वयं करना

4. मुँह तोड़ जवाब देना— सामने वाले को निरुत्तर कर देना
5. मुँह उतरना— उदास होना

### हाथ



1. हाथों-हाथ लेना— बहुत जल्दी करना
2. हाथ-पाँव मारना— कोशिश करना
3. हाथ साफ़ करना— चुरा लेना
4. हाथ तंग होना— पैसे का अभाव होना
5. हाथ पर हाथ रखकर के बैठना— कुछ काम न करना

### यह भी जानो

मुहावरे लिंग, वचन व क्रिया के अनुसार परिवर्तित हो सकते हैं; जैसे—

| **मुहावरा** | **अर्थ** |
| --- | --- |
| अँगूठा दिखाना | साफ़ मना कर देना |

वाक्य — जब अनुराग ने मनीष से मदद माँगी तो उसने **अँगूठा दिखा दिया।**

### हमने क्या जाना

- किसी बात का विशेष अर्थ देने वाले वाक्यांश मुहावरे कहलाते हैं।
- मुहावरों का प्रयोग भाषा को सुंदर, मज़ेदार व अधिक प्रभावशाली बनाता है।
- मुहावरों का शब्दार्थ नहीं भावार्थ देखना चाहिए।


**अध्यापकों से—**

अर्थ से अधिक वाक्यों पर बल दें। सामान्य प्रयोग में आने वाले मुहावरों को जानें, उनसे पूछें। रट की अपेक्षा मुहावरों को व्यवहार में लाएँ। सिर, खून, लहू, मूँछ, मन, बाल, पेट, पीठ आदि विषय लिए जा सकते हैं।

# अभ्यास

## देखें, क्या जाना

चित्रों को सही मुहावरों से मिलाओ—***(Critical Thinking/Decision Making)***



नौ-दो-ग्यारह होना



हाथ साफ़ करना

9+2=11

आँखों का तारा



भीगी बिल्ली बनना



ईद का चाँद होना



घी के दीये जलाना

2. मुहावरों के सही अर्थ पर ✓ लगाओ— (Decision Making) (MCQs)

**क. आसमान सिर पर उठाना—**

(*i*) बहुत लंबा होना (*ii*) बहुत शोर मचाना (*iii*) ऊँचा कूदना

**ख. घी के दीये जलाना—**

(*i*) खुशी मनाना (*ii*) दीपक जलाना (*iii*) दीये में घी डालना

**ग. दाँत खट्टे करना—**

(*i*) दाँत में नीबू लगाना (*ii*) हराना (*iii*) दाँत में खटाई मलना

**घ. आँखे खुलना—**

(*i*) नींद से जागना (*ii*) सच्चाई पता लगाना (*iii*) नींद आना

**ङ. मुँह में पानी भर आना—**

(*i*) मुँह में पानी रोक लेना (*ii*) जी ललचाना (*iii*) कुल्ला करना

3. इन मुहावरों का वाक्यों में प्रयोग करो—

**क.** फूला न समाना — ....................................................

**ख.** हाथ-पाँव मारना — ....................................................

**ग.** आँख लगना — ....................................................

**घ.** हाथ पीले करना — ....................................................

**ङ** दाँत पीसना — ....................................................

4. मुँह और कान से संबंधित दो-दो मुहावरे लिखो—

**मुँह** — ................................ ................................

**कान** — ................................ ................................